## सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विस्तार पर जोर

# सम्राट विक्रमादित्य अकादमी बनेगी: डा. यादव




**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संस्कृति विभाग को प्रदेश की सांस्कृतिक परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और लोक विरासत को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी महीनों में आयोजित होने वाले प्रमुख त्योहारों, मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों को सभी समाजों और उनकी परंपराओं से जोड़ते हुए वृहद स्वरूप दिया जाए। साथ ही आल्हा-ऊदल स्मृति उत्सव, श्रावण महोत्सव और भुजरिया पर्व जैसे आयोजनों को भी विशेष रूप से मनाया जाए।सोमवार को मंत्रालय में संस्कृति विभाग की योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की कला, संस्कृति और पुरातात्विक धरोहरें प्रदेश की अमूल्य पूंजी हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हो सके।

मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग के पुनर्संरचना और गतिविधियों के विस्तार पर भी जोर दिया। उन्होंने संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश की हस्तशिल्प, कशीदाकारी और पारंपरिक उत्पादों को भी नई पहचान मिलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने सम्राट वीर विक्रमादित्य के नाम पर एक पृथक अकादमी स्थापित करने की घोषणा की। इस अकादमी में उनके जीवन, योगदान और इतिहास पर शोध कार्यों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के दायरे को विस्तारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दो ज्योतिर्लिंगों, प्रमुख शक्तिपीठों और अन्य प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को भी योजना में शामिल किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाएं मिल सकें।

बैठक में श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 17 धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोक तथा 20 संग्रहालयों का निर्माण कार्य जारी है। संस्कृति विभाग के अंतर्गत 4160 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

## बारिश में बिजली संबंधी सावधानी बरतें

**नप्र, भोपाल :** मानसून के दौरान आंधी, तूफान और बारिश से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे मौसम में बिजली वितरण कंपनियों ने उपभोक्ताओं से धैर्य रखने और सुधार कार्य में जुटे बिजली कर्मचारियों का सहयोग करने की अपील की है। कंपनियों का कहना है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लाइनकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य करते हैं।

बिजली कंपनियों के अनुसार तेज बारिश और तूफान के दौरान बिजली लाइनों, इंसुलेटरों और अन्य उपकरणों में तकनीकी खराबियां आ सकती हैं। सुरक्षा की दृष्टि से स्वचालित प्रणाली फीडरों को बंद कर देती है, ताकि किसी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना न हो। ऐसे मामलों में बिजली कर्मचारियों को खराबी का पता लगाने के लिए लंबी लाइनों और खंभों की जांच करनी पड़ती है, जिससे आपूर्ति बहाल होने में समय लग सकता है। कंपनी ने नागरिकों को बारिश के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने जुटीं 50 महिला साहित्यकार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** हिन्दी लेखिका संघ, मध्यप्रदेश द्वारा सोमवार को शिवाजी नगर स्थित विश्व संवाद केन्द्र में 'पर्यावरण' विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 साहित्यकार महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और प्रकृति-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

गोष्ठी में शहर की प्रबुद्ध लेखिकाओं और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, घटते वन क्षेत्र, पर्यावरणीय असंतुलन और मानवीय संवेदनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कविताओं में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और हरित भविष्य का संदेश प्रमुखता से उभरकर सामने आया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए साहित्यकारों से जनजागरण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पर्यावरणविद् सीमा वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए केवल विचार पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव भी आवश्यक है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पर्यावरणविद् श्रीराम माहेश्वरी ने भारतीय संस्कृति में प्रकृति संरक्षण की परंपरा को रेखांकित करते हुए वृक्षों और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि एवं सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी जगदीश चन्द्रा ने वन एवं वन्यजीवन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और अपनी कविता 'अगर वृक्ष बोल पाता' का पाठ किया।

काव्य गोष्ठी में अनेक कवयित्रियों ने पर्यावरण विषयक रचनाओं का पाठ कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

# नाबालिग को परेशान करने वाले को एक वर्ष की सजा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नाबालिग बालिका का लगातार पीछा करने और उस पर शादी के लिए दबाव बनाने वाले आरोपी को विशेष पॉक्सो न्यायालय ने दोषी करार देते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अनन्य विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मनोहरलाल पाटीदार की अदालत में हुई।

अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपी आमिर खान नाबालिग बालिका का लगातार पीछा करता था और फोन कॉल तथा संदेशों के माध्यम से उसे परेशान करता था। साथ ही वह बालिका पर जबरन शादी करने का दबाव भी बना रहा था। इस मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर बालिका ने जुलाई 2022 में बड़ी मात्रा में दवा का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354-घ तथा पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को धारा 354-घ और पॉक्सो एक्ट की धारा 11/12 के तहत दोषी पाते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास तथा तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके अतिरिक्त धारा 506(1) के तहत न्यायालय उठने तक की सजा और 500 रुपये अर्थदंड भी लगाया गया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अजय शंकर प्रजापति एवं ज्योति कुजूर ने पैरवी की।

# पांच वोटों से जीते रामविलास राठौर

## अभा राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

भोपाल। अभा राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में ग्वालियर के रामविलास राठौर ने कांटे के मुकाबले में जीत दर्ज की है। लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में आयोजित चुनाव में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनोज राठौर को पांच वोटों से पराजित किया।

चुनाव परिणाम रविवार देर रात घोषित किए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए रामविलास राठौर को 608 मत मिले, जबकि भोपाल के पार्षद मनोज राठौर को 603 मत प्राप्त हुए। तीसरे प्रत्याशी राजकुमार राठौर को 93 वोट मिले। इस तरह रामविलास राठौर पांच मतों के अंतर से विजयी घोषित किए गए।

महामंत्री पद के चुनाव में राजेंद्र भदौरिया ने 427 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उनके मुकाबले



दिलीप राठौर को 299, चूलेश्वर राठौर को 290 और प्रकाश राठौर को 280 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर इंदौर की सीमा संजय सिंह राठौर ने शानदार जीत दर्ज की। उन्हें 698 मत प्राप्त हुए। उनके प्रतिद्वंद्वी चंद्रशेखर राठौर को 278, राजेश कुमार राठौर को 252 और नरेंद्र सिंह राठौर को 70 वोट मिले। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और समाजजनों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। राठौर क्षत्रिय समाज न्यू भोपाल के अध्यक्ष अनूप राठौर, महामंत्री रमेश राठौर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## 8 लाख 17 हजार 302 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए मई का महीना राहत लेकर आया है। कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 'टाइम ऑफ डे' टैरिफ व्यवस्था के तहत सोलर ऑवरमें बिजली की खपत पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की गई है।

## सप्रे संग्रहालय में 19 को 'शंभुदयाल गुरु इतिहास प्रभाग' का लोकार्पण

भोपाल । सुप्रसिद्ध इतिहासविद् एवं मप्र राज्य गजेटियर तथा अभिलेखागार के पूर्व संचालक स्वर्गीय शंभुदयाल गुरु की स्मृति में सप्रे संग्रहालय में स्थापित 'शंभुदयाल गुरु इतिहास प्रभाग' का लोकार्पण 19 जून को संग्रहालय के स्थापना दिवस पर किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से आयोजित होगा।

संग्रहालय के निदेशक अरविंद श्रीधर ने बताया कि स्वर्गीय शंभुदयाल गुरु के विशाल साहित्यिक और ऐतिहासिक संग्रह को उनके परिवार ने संग्रहालय को भेंट किया है। इसी सामग्री के आधार पर नए इतिहास प्रभाग की स्थापना की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल होंगे, जबकि अध्यक्षता तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में हिन्दी पत्रकारिता की द्विशताब्दी के अवसर पर सप्रे संग्रहालय द्वारा तैयार सचल प्रदर्शनी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। साथ ही प्रदेश की पांच विशिष्ट विभूतियों को 'कर्मवीर सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान पाने वालों में अध्येता एवं संग्रहकर्ता डॉ. सुभाष अत्रे, विश्वरंग के प्रणेता संतोष चौबे, संस्कृति सेवी श्रीराम तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार नूरुल हसन नूर तथा हिन्दी सेवी डॉ. जवाहर कर्नावट शामिल हैं।

इस अवसर पर अशोक मनवानी कृत मोनोग्राफ 'बेजोड़ कलमकार राजकुमार' और 'दूर और नजदीक से सरोज गुप्ता' का विमोचन भी किया जाएगा। सम्मानित प्रतिभाओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र और साहित्य भेंट किया जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवनशैली में बदलाव समय की आवश्यकता





**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पटेल प्रवाह समिति के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संत आसाराम नगर स्थित हैप्पी कृष्णा पब्लिक स्कूल में पर्यावरण विषय पर व्याख्यानमाला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में साहित्यकारों, पर्यावरणविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए जनजागरण और व्यवहारिक प्रयासों पर जोर दिया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि चेतना का विस्तार माना गया है।

मुख्य अतिथि हिन्दी लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने कहा कि प्रकृति और मानव शरीर का गहरा संबंध है। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री नारायण व्यास ने कहा कि पुरातत्व और पर्यावरण का संबंध अत्यंत पुराना है। प्राचीन सिक्कों और साहित्य में भी प्रकृति संरक्षण के संदेश मिलते हैं। अभा साहित्य परिषद की महामंत्री सुनीता यादव ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भूमि, जल और वृक्ष जीवन के आधार हैं तथा इनके बिना मानव अस्तित्व संभव नहीं है। सेवानिवृत्त इंजीनियर मनोहर पाटिल ने पंचतत्वों के संतुलन को जीवन के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पर्यावरणविद् श्रीराम माहेश्वरी ने स्वागत भाषण दिया। संचालन गीतकार पुरुषोत्तम तिवारी 'साहित्यार्थी' ने किया। गोष्ठी में डॉ. प्रतिभा द्विवेदी, सरोज दवे, सत्या सिंह राठौर, नीतू सिंह, डॉ. शेखर सरभाई, डॉ. खुशराज धोटे सहित अनेक साहित्यकारों ने पर्यावरण विषयक विचार और रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में समिति अध्यक्ष होशियार सिंह पटेल ने आभार व्यक्त किया।

## अमर शहीद ढालिया के 81वें बलिदान दिवस पर होगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम

भोपाल । अमर शहीद बीरबल सिंह ढालिया के 81वें बलिदान दिवस के अवसर पर आगामी 1 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी।



कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समाजजनों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बलिदान दिवस को गरिमामय ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद के अध्यक्ष अशोक सांकले ने की। इस अवसर पर जीनगर समाज एकीकरण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीराज चौहान, रमेश निर्वाण, भगवान दास ढालिया, राजकुमार सांखला सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश में आईटी निवेश को लेकर जीनानी एआई कंपनी ने दिखाई रुचि



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को मंत्रालय में बेंगलुरु स्थित जीनानी डॉट एआई कंपनी के प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर मध्यप्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

कंपनी ने प्रदेश में निवेश करने की इच्छा जताई और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित परियोजनाओं के विस्तार में रुचि दिखाई। डॉ. यादव ने कंपनी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कंपनी से ठोस परियोजना प्रस्ताव और स्पष्ट कार्ययोजना प्रस्तुत करने का आग्रह किया तथा आश्वासन दिया कि राज्य सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एम. सेलवेंद्रन, कंपनी के सह-संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी अनंत नागाराज तथा हेड ऑफ एआई ट्रांसफॉर्मेशन (पब्लिक सेक्टर) कर्नल आदिश वाबुमकर (सेवानिवृत्त) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समर्थ गुरु धारा तीन दिवसीय सुरति एवं निरति शिविर संपन्न

**नप्र, भोपाल :** समर्थगुरुधारा संघ, अवधपुरी मानो मत जानो ध्येय वाक्य पर आधारित समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया की सुरति एवं निरति साधना का तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से आए करीब 50 साधकों ने शिरकत की। अलग-अलग ध्यान सत्रों में आचार्य मां आनंद असीमा, मां श्रेया, मां वंदना एवं आचार्य श्रीकांत ने प्राणायाम, नाद श्रवण, ओंकार जप, कीर्तन, आत्मस्मरण तथा सायंकालीन सत्संग के माध्यम से साधकों को ध्यान की सरल और व्यवहारिक विधियों का अभ्यास कराया। शिविर में भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, इटारसी, हरदा, खंडवा, सिवनी मालवा, सीधी, दिल्ली, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आचार्य मां आनंद असीमा ने कहा कि समर्थगुरुधारा का उद्देश्य मिशन आत्मक्रांति के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति के भीतर आनंद, प्रेम और शांति को स्थित कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

## एम्स परिसर में मारपीट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एम्स परिसर में प्रीतम सिंह के साथ गाली-गलौज और मारपीट की भोपाल शहर मे छेड़छाड़, चोरी, मारपीट और धोखाधड़ी समेत मारपीट के मामले दर्ज घटना हुई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने विक्की उर्फ शिवशंकर और अन्य आरोपियों के खिलाफ धारा 296-बी, 115(2) और 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।


**म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग निर्वाचन भवन 58- अरेरा हिल्स भोपाल-462011**

**आमंत्रण निविदा सूचना**

**क्रमांक एफ- 34-10/2026/सा./204 भोपाल, दिनांक 11/06/2026**

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय द्वारा अनुपयोगी निर्वाचन सामग्री (रद्दी), लगभग 50 क्विंटल का विक्रय किया जाना है। विक्रय प्रति किलो के मान से किया जावेगा। इस हेतु दिनांक 16/06/2026 से दिनांक 25/06/2026 अपरान्ह 3:00 बजे तक आयोग द्वारा निविदायें आंमत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाये दिनांक 25/06/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेंगी। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदाकार द्वारा अपने आवेदन के साथ क्रय-विक्रय के लाईसेंस की प्रमाणित प्रति लगाकर निविदा फार्म एवं शर्तें कार्यालयीन समय में आयोग कार्यालय के कक्ष क्रमांक 31 (लेख शाखा के कैशियर) से विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से दिनांक 25/06/2026 को दोपहर 3:00 बजे तक रूपये 100/- (राशि रु. एक सौ मात्र) नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकतें हैं।

**(मनोज मालवीय)**
**उप सचिव**
**म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल**

**जी-14453/26**



**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**चौबीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**आरसीएस ए/906/2025**
**अशोक कुमार वर्मा बनाम मेसर्स नारवानी कारपोरेशन द्वारा संचालक गौरव नारवानी**
**NEXT DATE: 28.07.2026**

**प्रेषिती**-मेसर्स नारवानी कार्पोरेशन द्वारा संचालक गौरव नारवानी राज नारवानी, पता-यू-01, इन्द्रप्रस्थ कालोनी, सनसिटी एयरपोर्ट रोड, भोपाल म.प्र., पिन-462030। **यह कि प्रार्थी** अशोक कुमार वर्मा ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/906/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 15-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें- 1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**श्रीमती शीला मैना यादव, न्यायाधीश**
**चौबीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल**

620



**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1**
**महाराणा प्रताप नगर भोपाल**
प्रापर्टी आई.डी. नं. 9100000079, आवेदन क्रमांक-12237, आवेदन दि. 02/06/2026
क्रमांक 2057/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल
दिनांक 12/06/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की बैरागढ़ स्टेडियम योजना में स्थित दुकान क्रमांक-79, श्री राधेश्याम अग्रवाल आ. श्री वल्लभदास जी के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री राधेश्याम जी का स्वर्गवास दिनांक:-25/07/2020 हो गया, एवं आवंटी की पत्नी श्रीमती कमला बाई का भी स्वर्गवास दिनांक 30/01/2017 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिसगण 1. अनिल कुमार अग्रवाल 2. राज कुमार अग्रवाल 3. प्रमोद अग्रवाल पुत्रगण राधेश्याम अग्रवाल द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त दुकान का संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्ये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी,**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

619



**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1**
**महाराणा प्रताप नगर भोपाल**
प्रॉपर्टी आई. डी. नं. 9100000009, आवेदन क्रमांक-12245 आवेदन दिनांक-01/06/2026
क्रमांक 2054/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल
दिनांक 03/06/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की बैरागढ़ स्टेडियम योजना स्थित दुकान क्रमांक-09 आवंटी श्री सुरेश कुमार प्रीतवानी आत्मज स्वर्गीय श्री अशोक कुमार के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री सुरेश कुमार प्रीतवानी द्वारा उक्त दुकान का विक्रय श्री नीरज वाधवानी आत्मज श्री परसराम एवं श्री संजय बालचंदानी आत्मज श्री जेठानन्द बालचंदानी को कर विक्रय पत्र दिनांक 06/04/2015 को पंजीकृत कराया गया। पंजीकृत विक्रय के आधार पर श्री नीरज वाधवानी एवं श्री संजय बालचंदानी द्वारा उक्त दुकान का नामांतरण अपने नाम पर नहीं कराया गया एवं संयुक्त क्रेताओं में से एक क्रेता श्री संजय बालचंदानी का स्वर्गवास दिनांक: 10/04/2020 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती कोमल बालचंदानी एवं श्री नीरज वाधवानी द्वारा उक्त दुकान का विक्रय श्रीमती किरन बालचंदानी पत्नी श्री श्याम बालचंदानी एवं श्रीमती याशिका बालचंदानी पत्नी श्री रवि बालचंदानी को कर विक्रय पत्र दिनांक 19/10/2020 को पंजीकृत कराया गया पंजीकृत विक्रय पत्रों के आधार पर श्रीमती किरन बालचंदानी एवं श्रीमती याशिका बालचंदानी द्वारा दुकान का नामांतरण अपने संयुक्त नामों पर चाहा है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्ये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

618



**न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-1, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल म.प्र.**

**प्रकरण कमांक-017/अ-3/2026-2027**
**मौजा- शाहपुर**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री राकेश गुप्ता पिता श्री मुन्नी लाल निवासी 31 शिव ओम ग्रीन पार्क संजीव नगर जिला भोपाल (म.प्र.) के द्वारा भू राजस्व सहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम शाहपुर प.ह.न. 05 भूमि खसरा क्रमांक-272 रकबा 0.8920 है. मे से 0.101 हे. भूमि का राजस्व नक्शे में बटान अंकित करने का अनुरोध किया है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु पेशी दिनांक 30.04.2026 नियत की जाती है।

**तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल**

617



**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल बारहवें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल**
**नोटिस प्रकाशन हेतु**
एमजेसी एसयूसी/69/2026
डॉ. ज्योत्सना पारे बनाम सर्वसाधारण
**NEXT DATE :16-07-2026**

**प्रेषिती,** आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. ज्योत्सना पारे पता मकान नंबर-107 बी, ए सेक्टर, मानसरोवर कालोनी शाहपुरा, जिला भोपाल, म.प्र. ने मृतिका श्रीमती रूप कमलपारे W/O एस.पी. पारे नि. 107 बी ऐ सेक्टर मानसरोवर कालोनी की वसीयत अंतर्गत संपत्ति के संबंध में प्रोबेट प्रमाण पत्र हेतु राशि/संपत्ति हेतु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16-07-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16-07-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 07-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:-1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**जयंत शर्मा, न्यायाधीश**
**बारहवें जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश**

616



**जनहित में जारी जाहिर सूचना**

मकान ई-7/395 एच आई जी विगत कई वर्षों से खाली पड़ा हुआ है अधिकांश लोग इसको भूतहा मकान के नाम से संबोधित करते है। जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ फर्म के पास इसके संबंध में कोई ठोस दस्तावेज हो वे सूचना प्रकाशित करने की दिनांक से 07 दिन के अंदर प्रस्तुत करें। उक्त जगह कुछ असामाजिक तत्वों ने अनाधिकृत रूप से रात्रि के समय एकत्रित होकर यहां का वातावरण दूषित कर रहे है जिसके कारण कॉलोनी के लिए नुकसानदायक है।

**डॉ.गांगुली योग विद्यापीठ संस्था योग भवन नगर निगम के सौजन्य से आचार्य नरेन्द्र देव लायब्रेरी, कमला पार्क, भोपाल (टॉप फ्लोर)**
**9826049777, 8889049777**
**ISO CERTIFIED, MP's No.1 Yoga Sansthan**
**राज्य स्तरीय स्वामी विवेकानंद योग अवार्ड से सम्मानित एवं म.प्र. का नं.1 योग संस्थान**
**डॉ. पवन गुरु 'समाजसेवी'**
**मो. नंबर-8889049777**

615